निम्नलिखित शब्दों में जो शब्द सर्वनाम नहीं हैं उन पर गोला लगाइए:

सर्वनाम

1. आप, तभी, वह, यह, कोई
2. तुम, तथा, तुम्हारा, उस
3. मैं, ताकि, मेरा, अपने
4. उनसे, उन्हें, उस, उधर
5. हमारा, आज, उनका, सबका

LIVEWORKSHEETS

नीचे लिखी कहानी में सर्वनाम शब्दों को छाँटिए -

एक साधु-बाबा जंगल में तपस्या करते थे। एक दिन उन्हें बिल्ली का एक छोटा-सा बच्चा दिखाई दिया। उसके पैर से बहुत खून बह रहा था। उन्होंने इधर-उधर देखा, जब कोई और नज़र नहीं आया तो उन्होंने बिल्ली के बच्चे को प्यार से उठाया और उसकी मरहम-पट्टी की। अब उसे देने के लिए उनके पास दूध न था, तो वे गाँव की ओर चल दिए। गाँव वालों ने उनका आदर-सत्कार किया और एक गाय उपहार में दी। साधु-बाबा बिल्ली के बच्चे और गाय को ले कर अपनी कुटिया में आ गए। अब वे उन दोनों पशुओं की सेवा और भगवान की आराधना में अपना दिन बिताने लगे।

सर्वनाम

LIVEWORKSHEETS